अमर उजाला

# Hapur News: नकली दवा बेचने पर मुकदमा दर्ज




धौलाना। कपूरपुर थाना क्षेत्र में कृषक सेवा केंद्र पर नामचीन कंपनी की नकली दवा बेचने की सूचना पर छापा मारा गया। कंपनी प्रतिनिधि कुलदीप कुशवाहा ने बताया कि हर्ष कृषि रक्षा केंद्र पर उनकी कंपनी का नकली उत्पाद बेचा जा रहा था। मौके पर 17 कट्टों में सैकड़ों पैकेट मिले। केंद्र संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/hapur/fake-medicine-fir-hapur-news-c-135-1-hpr1002-116025-2024-10-16